PM SHRI राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सीतसर (चूरू)

नाम - उर्मी

कक्षा - 11 (A)

तृतीय स्थान

स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत

प्रस्तावना → आयुर्वेद मे कथन है "शरीरं व्याधिमन्दिरं" अर्थात शरीर अनेको रोगो का घर है। साफ-सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमारे जीवन की प्राथमिकता भी है। स्वच्छता जरूरी है क्योंकि साफ-सफाई से हमारे जीवन मे आने वाली कई परेशानियो से मुक्ति पा सकते है। तथा स्वच्छ भारत अभियान भारत की सराहनीय कोशिश है अपने आस-पास साफ-सफाई रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। अगर सभी को अपनी जिम्मेदारी का आभास होता, तो इस अभियान की आवश्यकता ही नही पड़ती। लेकिन हर कोई अपना घर तो जरूर साफ करता है परन्तु अपनी सारी गंदगी, कूड़ा-कचरा बाहर, गलियो, सड़को और चौराहो पर फेंक देते है जबकि पूरा देश ही हमारा घर है। स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का अर्थ ही साफ-सफाई है।

स्वच्छता का महत्व :→ स्वच्छता का अर्थ है सफाई

अर्थात हमारे आस-पास के वातावरण की सुनियोजित व्यवस्था करना जो कि हमारे जीवन को प्रभावित करती है। हमे व्यक्तिगत व आस-पास भी सफाई रखनी चाहिए। रोगियो की बढ़ती जनसंख्या तथा अस्पतालो पर ध्यान देने की आवश्यकता इस बात के महत्व को और भी अधिक स्पष्ट करती है। प्रदूषण से बचने के लिए कचरे का उचित प्रबन्ध करना चाहिए।

स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत की शुरुआत → नई दिल्ली मे राजपथ पर स्वच्छ भारत अभियान का शुभारंभ श्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि "महात्मा गाँधी की जयंती के अवसर पर भारत उन्हे स्वच्छ भारत के रूप मे सर्वश्रेष्ठ श्रद्धांजलि दे सकता है। इस 2 अक्टूबर 2014 को देश भर मे एक राष्ट्रीय आन्दोलन के रूप मे स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत हुई।

स्वच्छ भारत अभियान के नारे :→ स्वच्छ भारत अभियान के लिए बहुत से नारो का प्रयोग किया जाता है।

(1) स्वच्छता देश का सौन्दर्य, स्वच्छता हमारा कर्तव्य।

(2) एक कदम स्वच्छता की ओर।

(3) आओ मिलकर सबको जगाये, स्वच्छता से गंदगी को दूर भगाएँ।

(4) कदम से कदम बढ़ाते जाओ, स्वच्छता की तरफ मिलकर जुट जाओ।

(5) अब हर भारतीयो ने मन मे यही ठाना है पूरे भारत को स्वच्छ बनाना है।

(6) स्वच्छ भारत है एक बड़ा अभियान, सब मिलकर करे अपना योगदान।

(7) देश भी साफ हो, जिसमे सबका साथ हो।

उपसंहार → "जहाँ स्वच्छता वहाँ ईश्वर" भारत मे इस प्रथा को माना जाता है। इसलिए हमे भी स्वच्छता को अपनाना चाहिए इसकी शुरुआत हम सबको मिलकर करनी होगी अगर भारत की जनता द्वारा प्रभावी रूप से इसका अनुसरण किया गया तो आने वाले समय मे स्वच्छ भारत अभियान से सारा देश भगवान का निवास स्थल बन जायेगा।

स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत

मन मे रखो एक ही सपना
स्वच्छ भारत हो अपना ।

एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छता ही सेवा है,
गंदगी जानलेवा है।





गंदगी बीमारियों का ठिकाना है।
इसे बीमारियों सहित मिटाना है।

स्वच्छ भारत अभियान का असर दिखने लगा है।
गन्दगी का नामो-निशान मिटने लगा है।

स्वच्छ भारत अभियान मे हाथ बटाएं
हर गाँव हर शहर से गंदगी मिटाएं

रोगों को दूर भगाना है,
तो स्वच्छता को अपनाना है।

कदम से कदम मिलाएंगे,
भारत को स्वच्छ बनायेंगे।।

अब भारत गंदगी से मुक्त होगा;
सुंदरता और स्वच्छता से युक्त होगा।

जन-जन तक सन्देश पहुंचाये
भारत को सभी मिलकर स्वच्छ बनाये

भारत सरकार का है इरादा,
सम्पूर्ण स्वच्छता का है वादा।

19/9/24